

## एक नजर में

### श्री दामोदरवंशीय जूना गुजराती जूना गुजराती दर्जी समाज ने किया हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन



**देवास।** श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती जूना गुजराती दर्जी समाज देवास द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 14 जून को सुबह 10.30 बजे राज श्री हॉस्पिटल इंदौर एवं श्री गुरु टेकचंद सामाजिक एवं धार्मिक ट्रस्ट के माध्यम से हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राज श्री अपोलो के इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. शिरिष अग्रवाल एवं ट्रस्ट के संरक्षक दीपचंद मेहता, ट्रस्ट अध्यक्ष मोहन परिहार, डॉ एम. एम . अग्रवाल, राजश्री, हॉस्पिटल के राजपाल सिंह, कमलेश पांडे द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। दर्जी समाज ट्रस्ट द्वारा सभी अतिथियों एवं राजश्री अपोलो की मेडिकल टीम का स्वागत कर उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट किया। शिविर में लगभग 105 लोगो के बीपी, शुगर, ऑक्सीजन लेवल, पल्स रेट की जांच की गई, डॉक्टर द्वारा जांच कर जरूरत मंद लोगो की ईसीजी, एबबी1, एवं लिक्विड प्रोफाईल भी निशुल्क जांच की गई। जांच रिपोर्ट देखने के बाद डॉ शिरिष अग्रवाल द्वारा उन्हे उचित परामर्श दिया गया। ट्रस्ट की और से राजेंद्र गुलाबचंद परमार, दिलीप सोलंकी, जितेंद्र चावडा, रमेश जाधव, पुरूषोत्तम सोलंकी, राजेंद्र परमार (बुटीक), समाज के आनंदी लाल चौहान, बाबूलाल सोलंकी, गगन सोलंकी, आनंदीलाल राठौर, घनश्याम जाधव प्रफूल जाधव आदि उपस्थित रहे। ट्रस्ट के सह सचिव राजेंद्र गुलाबचंद परमार ने राज श्री अपोलो एवं प्रिज्म हॉस्पिटल का आभार व्यक्त किया।

### होलानी समर्थक भाटिया को मिली नगर कांग्रेस की कमान कार्यकर्ताओं में उत्साह



**कांटाफोड़।** कांग्रेस संगठन ने नगर की कमान युवा, कर्मठ और जुझारू नेतृत्व को सौंपते हुए सिक्ख समाज की शान गुरमीत मित्तू भाटिया को नगर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। यह नियुक्ति कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी की अनुशंसा पर की गई। गुरमीत भाटिया लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हुए हैं और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता एवं समर्पण किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वे स्वर्गीय श्याम होलानी एवं होलानी परिवार के अत्यंत करीबी और विश्वासपात्र माने जाते हैं। पीसीसी सदस्य मनोज श्याम होलानी के नेतृत्व में जिलेभर में आयोजित कांग्रेस के आंदोलनों, जनसंपर्क अभियानों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में उनकी भूमिका सदैव सक्रिय और प्रभावशाली रही है। उनकी नियुक्ति से नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि भाटिया के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी की आवाज नगर में और अधिक प्रभावी तरीके से बुलंद होगी। उनकी नियुक्ति पर सिक्ख समाज ने हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की ओर सिक्ख समाज के व्यक्ति को जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार माना।

### लोहारदा नगर परिषद में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ, पहले दिन 187 आवेदन प्राप्त




**लोहारदा।** शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद लोहारदा में 15 से 17 जून 2026 तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में नागरिकों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर का निरीक्षण करने जिला परियोजना अधिकारी स्मिता रावल तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश घावरी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्वयंम हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए तथा उनकी समस्याओं के निराकरण एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। नगर परिषद प्रशासन के अनुसार जनकल्याण शिविर के प्रथम दिवस विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित कुल 187 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें तत्काल पोर्टल पर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मुख्यनगर अधिकारी सतीश घावरी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए शिविर में योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

# एमजी अस्पताल में डॉक्टर की मनमानी से मासूम की मौत का आरोप

▶ पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप निष्पक्ष जांच की मांग

**देवास। जिला महात्मा गांधी चिकित्सालय का प्रसूति वार्ड एक बार फिर गंभीर विवादों और प्रशासनिक लापरवाही के चलते सुर्खियों में है। इस बार मामला बेहद संवेदनशील है, जहां पुरुष वर्जित क्षेत्र में एक पुरुष डॉक्टर की कथित रंगबाजी और पुलिस प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई के कारण एक नवजात शिशु की गर्भ में ही मौत हो गई। पीड़िता ने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमएचओ) और उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।**

**ये है पूरा मामला:** आनंद नगर निवासी पीड़िता शाहीन पति अमजद शेख ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि विगत दिनांक 30 मार्च 2026 को वह असहनीय दर्द के कारण एमजी अस्पताल गई थीं। महिला डॉक्टर भारती पंडोले ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अर्जेंट सोनोग्राफी कराने की सलाह दी। जब पीड़िता प्रसूति वार्ड के सोनोग्राफी कक्ष (जो कि महिला सुरक्षित और पुरुष वर्जित क्षेत्र माना जाता है) में पहुँची, तो वहाँ डॉ. अजहउद्दीन शेख मौजूद थे। आरोप है कि डॉ. अजहउद्दीन ने अर्जेंट सोनोग्राफी करने के बजाय पीड़िता ओर उसके पति के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और विरोध करने पर उसके पति को जेल भिजवा दिया ओर जमानत में बार बार आपत्ति लेते रहे जिस कारण 52 दिन तक नहीं मिली जमानत। पीड़िता के अनुसार, जब दर्द बढ़ने पर उसके पति अमजद शेख ने डॉक्टर अजहउद्दीन शेख से तुरंत सोनोग्राफी करने का अनुरोध किया, तो डॉक्टर गाली-गलौज पर उतर आए। डॉ. अजहउद्दीन शेख ने कथित तौर पर धौंस देते हुए कहा कि यहाँ मेरी मर्जी से ही काम होगा। विवाद बढ़ने पर डॉक्टर अजहरउद्दीन शेख और वहां मौजूद अस्पताल की महिला नर्स प्रियंका जोगलेकर ने मिलीभगत कर हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि डॉक्टर ने अपने राजनीतिक आकाओं और प्रभाव का इस्तेमाल कर पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाया। सिटी कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों (फरियादियों) की एक न सुनी और उलटा उसके पति अमजद शेख के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का झूठा मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। डॉक्टर और स्टाफ के दबाव के कारण अमजद शेख को 52 दिनों तक जेल में रहना पड़ा।

**▶ भ्रष्टाचार और यौन उत्पीड़न के पहले भी लग चुके हैं आरोप**

पीड़िता ने यह भी याद दिलाया कि दो-तीन महीने पहले ही इसी अस्पताल की महिला सफाई कर्मचारियों ने जच्चा-बच्चा वार्ड में चल रही अवैध वसूली, भारी भ्रष्टाचार और डॉक्टरों व अधिकारियों द्वारा महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न का पर्दाफाश किया था। लेकिन मामले को दबाने के लिए पिछले 10 वर्षों से काम कर रही उन महिला कर्मचारियों को बिना किसी निष्पक्ष जांच के नौकरी से निकाल दिया गया।

**समय पर इलाज नहीं मिला:** पीड़िता शाहीन ने रोते हुए बताया कि पति के जेल जाने के बाद मैं अकेली पड़ गई। मानसिक तनाव और सही समय पर इलाज न मिलने के कारण मेरे पेट में पल रहे नवजात शिशु की मौत हो गई। डॉक्टरों ने मुझे बताया कि अगर समय रहते गर्भपात (अबॉर्शन) नहीं कराया गया, तो पेट में जहर फैलने से मेरी भी जान जा सकती है। मेरे बच्चे की मौत के जिम्मेदार डॉ. अजहउद्दीन शेख और नर्स प्रियंका जोगलेकर और उनका साथ देने वाला स्टाफ है।

**अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल:** इस पूरे घटनाक्रम ने देवास जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों का उल्लंघन- डॉ. अजहउद्दीन शेख की नियुक्ति वर्ष 2015 से ग्राम टोंक खुर्द में है, लेकिन वे देवास जिला अस्पताल के स्त्री प्रसूति वार्डश् के पुरुष वर्जित क्षेत्र में अवैध रूप से सोनोग्राफी कार्य कैसे कर रहे हैं ? महिला सोनोलॉजिस्ट की कमी- संवेदनशील वार्ड होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी यहाँ किसी महिला सोनोलॉजिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति क्यों नहीं कर रहे हैं?

**प्रशासन को चेतावनी-समय रहते कार्रवाई न हुई तो होगा बड़ा आंदोलन:** पीड़िता शाहीन और उनके शुभचिंतकों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच की जाए, डॉ. अजहउद्दीन शेख और नर्स प्रियंका जोगलेकर पर उचित कानूनी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में अन्य महिला के साथ ऐसा दुर्व्यवहार न हो और किसी और मासूम की जान न जाए। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## बागली में आज गाजे-बाजे के साथ निकलेगी विशाल कलश यात्रा

**बागली।** नगर स्थित प्राचीन मां कालका माता मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन आज बुधवार को जटाशंकर तीर्थ के महंत संत श्री बद्रीदास जी महाराज के मार्गदर्शन में तथा वाग्योग चेतना पीठम के अधिष्ठाता पं. कनिष्क द्विवेदी के आचार्यत्व में संपन्न होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के संत-महात्माओं, पुजारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

भूमिपूजन के पश्चात मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो शिवाजी चौराहा, जवाहर चौक, इमली चौराहा, गांधी चौक एवं मुख्य बाजार से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। कलश यात्रा के संयोजक क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ललिता भंवरा हैं। यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं के लिए विशेष स्टील के कलश की व्यवस्था की गई है।

कलश यात्रा में आकर्षक बैंड-बाजे, ढोल, बग्घी, रथ एवं विभिन्न धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यात्रा मार्ग के प्रमुख चौराहे एवं मार्गो पर भगवा ध्वज लगाए गए है, जिससे पूरा मार्ग भगवामय दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर की मातृशक्तियों द्वारा घर-घर पीले चावल देकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए कालका माता मंदिर सेवा समिति के कार्यकर्ता लगातार जुटे हुए हैं।

## मृतकों के परिवारों को 25 लाख की आर्थिक सहायता दें, ज्ञापन

**देवास।** अनुसूचित जाति परिषद ने सोनकच्छ क्षेत्र के गांव बीराखेडी रोड के टर्निंग पर एक आयशर ट्रक पलटने से तीन अनुसूचित जाति के युवको की दर्दनाक मौत पर मुख्यमंत्री को दोनों के परिवारों को 25-25 लाख रूपये आर्थिक सहायता देने के लिए परिषद के अध्यक्ष आत्माराम परिहार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में बताया कि मृतकों के बच्चे पत्नी, एवं माता पिता बेसहारा हो गये है। मृतक ही अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। परिवार के सामने भयंकर आथिक संकट पैदा हो गया है। मृतको आकाश पिता भेरूलाल बामनिया उम्र 24 वर्ष। ओमप्रकाश पिता किशन मालवीय उम्र 25 वर्ष। जितेन्द्र पिता प्रहलाद परमार उम्र 26 वर्ष। तीनो निवासी गांव बालोन थाना पीपलरांवा के निवासी है। दिनांक 30/05/2026 को बिजली विभाग की लापरवाही से गांव पटाडिया ताज के किसान की खेत पर काम करने गये राधेश्याम पिता धुलजी मालवीय उम्र 45 वर्ष निवासी गांव पटाडिया ताज के बिजली के तार टुट जाने से करंट लगने से राधेश्याम की मौत हो गयी राधश्याम की मौत हो गयी है। इनका परिवार अत्यंत गरीब एवं दुसरो की जमीन पर कृषि कार्य करते थे। बिजली विभाग ने अभी तक परिवार को कोई आर्थिक सहायता नही दी है। जिन्हे आर्थिक सहायता के रूप मे 25-25 लाख रूपये आर्थिक सहायता दी जाए एवं दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाए। ज्ञापन का वाचन सचिव सुभाष गौऋषि ने किया। परिषद के अध्यक्ष आत्माराम परिहार ने बताया कि दुर्घटना को महिना हो गया परन्तु आज तक मृतक के परिवारो को कोई आर्थिक सहायता शासन से प्राप्त नहीं हुई है जो चिंताजनक है। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश सचिव मदनलाल जेठवा, जिला प्रभारी डॉक्टर मुन्ना सरकार, सचिव कान्ति लाल सोलंकी, सुभाष चन्द्र गोरिषि, उपाध्यक्ष संजय रेकवाल, राजुल श्रीवास्तव एडवोकेट, रमेशचंद्र वर्मा, मेहरबानसिंह गवलिया आदि उपस्थित थे।

# अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन

**देवास।** इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, देवास में राज्य आनंद संस्थान एवं आनंद विभाग देवास द्वारा आयोजित अल्पविराम परिचय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य सय्यद मक़सूद अली ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आनंदमय शिक्षा, सकारात्मक सोच एवं तनावमुक्त शिक्षण पद्धति से परिचित कराना था। कार्यशाला में राज्य आनंद संस्थान उज्जैन इंदौर संभाग समन्वयक डॉ समीरा नईम, सय्यद मक़सूद अली, मास्टर ट्रेनर कृपाली राणा, आनंदम सहयोगी पपलेश जोशी, प्रहलाद चौहान, उपस्थित थे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता समीरा नईम ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्रदान करने का माध्यम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके भावनात्मक विकास का भी आधार है। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया-सकारात्मक सोच एवं आनंदमय जीवनशैली को अपनाना। विद्यार्थियों के साथ संवेदनशील एवं आत्मीय व्यवहार रखना। तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना। विद्यालय में सहयोग, सहानुभूति एवं आपसी विश्वास का वातावरण बनाना। शिक्षण कार्य को आनंददायक एवं रचनात्मक बनाना। मास्टर ट्रेनर कृपाली राणा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी है। उन्होंने शिक्षकों को संवाद कौशल, भावनात्मक संतुलन, टीम वर्क तथा जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं




## महाराणा प्रताप शोभा यात्रा को लेकर बैठक



देवास। श्री राजपूत करणी सेना टोंकखुर्द तहसील अध्यक्ष राजवीरसिंह राठौर के नेतृत्व में महाराणा प्रताप शोभा यात्रा को लेकर राठौर भवन ग्राम संवरसी में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह खटाम्बा उपस्थित रहे। बैठक में सामाजिक विषयों व आज महाराणा प्रताप जयंती पर देवास में निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह खटाम्बा ने ग्राम संवरसी में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा को संगठन की और से घोषणा की। पवनसिंह, भीमसिंह, देवेन्द्र पटेल, शुभम राजपूत, मोहित राजपूत, ईश्वर राजपूत, सावरा बन्ना, पृथ्वीराज सिंह, आशीष बन्ना, कान्हा बन्ना, शिवराज बन्ना, सचिन सिंह व अन्य मौजूद थे।

## महेश नवमी महोत्सव आज से

**देवास।** महेश्वरी समाज देवास के मीडिया प्रभारी राजेंद्र मुंदडा, अध्यक्ष दिनेश एम भूतड़ा एवं सचिव प्रदीप साबू ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सात दिवसीय महेश नवमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 17 जून को दोपहर 3.30 बजे किया जाएगा।

इसके बाद माहेश्वरी महिला संगठन के नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। 18 जून को व्यंजन प्रतियोगिताएं मॉकटेल एवं हाई प्रोटीन सलाद की रखी गई है साथ ही महिलाओं के गेम्स भी आयोजित किए गए हैं तथा सखी संगठन द्वारा बच्चों के गेम्स भी रखे गए हैं। 19 जून को खड़ी गेरू माडना प्रतियोगिता एवं ट्रेजर हंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। 20 जून को महिला संगठन एवं युवा संगठन के तत्वाधान में अंताक्षरी प्रतियोगिता रखी गई है। 21 जून को योग एवं तीन पीढियो का समावेश तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। 22 जून को संदेश पैदल रैली एवं युवा संगठन के साथ फन फेयर गेम का आयोजन भी किया गया है एवं साथ ही समाज जनों का सहभोज भी रखा गया है।

23 जून को महेश नवमी के अवसर पर भगवान महेश का अभिषेक किया जाएगा इसके बाद समाज की साधारण सभा सुबह 10.30 बजे रखी गई है। शाम को युवा संगठन के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा रखी गई है। शोभायात्रा सांवलिया नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर राम मंदिर भेरूगढ़ पर समाप्त होगी इसके बाद मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान स्वर्गीय कन्हैयालाल दाड, स्वर्गीय गोपाल दास मूंदड़ा एवं स्वर्गीय प्रहलाद दास परवाल की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा किया जाएगा। इस सम्मान समारोह एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्णिमा सिंगी डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

## हंसदास मठ पर अनुष्ठानों की पूर्णाहुति

**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गत 16 मई से चल रहे 108 भागवत के मूल पारायण सहित विभिन्न दिव्य अनुष्ठानों की पूर्णाहुति सोमवार को सोमवती अमावस्या के संयोग पर हंसपीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सानिध्य में सौल्लास सम्पन्न हुई. इस अवसर पर अनुष्ठान में शामिल आचार्य पं. राजेश शास्त्री सहित सभी विद्वानों का सम्मान कर भागवतजी का पूजन भी किया गया. संध्या को हुई महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति और सदभाव के लिए प्रार्थना की. मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम माह के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न अनुष्ठानों में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ शामिल होकर अनेक कार्यक्रमों में पुण्य लाभ उठाया. सैकड़ों भक्तों ने सोमवार को सुबह मठ पहुंचकर स्वामी श्रीमहंत रामचरण दास महाराज का सम्मान कर भागवत पारायण कर रहे।

## धाराजी घाट के समीप मौनी बाबा आश्रम पर भी पहुंचे श्रद्धालु

**बागली।** सोमवती अमावस्या पर नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं का जहां मन हुआ वहां पहुंचकर स्नान दान किया। धाराजी के मुख्य घाट के अलावा भी कच्चे घाट पर एवं नाव द्वारा मोनी बाबा आश्रम पर पहुंच कर स्नान दान किया। सोमवार को धारा जी आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 20 हजार से अधिक का हो गया।

देर रात तक श्रद्धालु धारा जी घाट पर स्नान करने आते रहे हालांकि यह पर्व दिन भर मनाए जाने वाला स्नान दान पर्व था इसलिए श्रद्धालुओं का आना-जाना अधिकतर श्रद्धालु निजी वाहनों से आए कुछ लोग किराए के वाहनों से से भी आए। धराजी तट पर ही पातालपुरी बाबा लाल बाबा आदि संतों द्वारा भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई जटाशंकर सेवा समिति द्वारा भी चाय एवं पोहे की व्यवस्था निशुल्क रूप से की गई इसी दौरान पिपरी स्थित मनकामेश्वरी मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही अधिकतर श्रद्धालु घर से ही खाना बनाने का सामान साथ लेकर आए थे। जो रास्ते भर जहां पर छायादार स्थान मिला वहां दाल बाटी भोजन बनाते हुए नजर आए इसी पर्व पर मनकामेश्वरी मंदिर पिपरी में सनातन सेवा समिति संस्था की ओर से कन्या भोजन का आयोजन किया गया कन्या भोजन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी भोजन प्रसादी का लाभ लिया। कुछ श्रद्धालु धारा जी घाट से नव द्वारा ओंकारेश्वर नदी मार्ग पर स्थित मोनी बाबा आश्रम पर भी पहुंचे हालांकि इस स्थान के विषय में बहुत कम लोगों को जानकारी है इसलिए यह स्थान श्रद्धालुओं की पहुंच से अभी दूर है लेकिन भविष्य में सशुल्क वोटो का संचालन शुरू हो जाएगा तो यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जरूर जाना पसंद करेंगे यहां पहुंचे श्रद्धालु गोविंद चौहान एवं शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह बहुत ही पवित्र स्थान होकर एकांत स्थान है। यहां पर आश्रम के सामने ही नर्मदा नदी और शिव परिवार का मंदिर भी बना हुआ है।



## जमीन विवाद में धमकी-दबाव बनाने का आरोप, प्रशासन से सुरक्षा की मांग

**देवास।** ग्राम इटावा स्थित भूमि विवाद को लेकर प्रभुलाल पिता बाबूलाल ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को शिकायत सौंपकर सुरक्षा की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भूमि विवाद से जुड़े मनोज पिता नारायणदास मूंदड़ा द्वारा लगातार धमकाया जा रहा है तथा न्यायालय में लंबित प्रकरण वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार ग्राम इटावा, तहसील देवास नगर स्थित उनकी भूमि सर्वे नंबर 79 एवं 78/2 से संबंधित मामला वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में विचाराधीन है। इस संबंध में द्वितीय अपील क्रमांक 792/2005 एवं 122/2006 लंबित हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उच्च न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को अपील के अंतिम निराकरण तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मनोज पिता नारायणदास मुंदड़ा द्वारा उन्हें न्यायालय से प्रकरण वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि उन्हें मकान पर बुलडोजर चलवाने, झूठे प्रकरणों में फंसाने तथा पुलिस कार्रवाई कराने की धमकियां दी जा रही हैं। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी स्वयं को प्रभावशाली बताते हुए प्रशासन और पुलिस पर अपनी पकड़ होने की बात कहता है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि वर्ष 2022 में उनके परिवार के सदस्यों के विरुद्ध असत्य प्रकरण दर्ज कराकर उन्हें परेशान किया गया था और अब पुनः वैसी ही कार्रवाई करने की धमकी दी जा रही है। परिवार का कहना है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और लगातार मिल रही धमकियों के कारण भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। आवेदन में जिला प्रशासन से मांग की गई है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित यथास्थिति आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा बिना उचित जांच के उनके और परिवार के सदस्यों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न की जाए। साथ ही परिवार को सुरक्षा प्रदान करने एवं कथित धमकियों से मुक्त कराने की मांग भी की गई है।



एक नजर ▶ लोगों ने कलेक्टर को दिया आवेदन

## स्वास्थ्य विभाग की जमीन पर चाट चौपाटी निर्माण का विरोध

**देवास।** सयाजी द्वार के निकट मल्हार स्मृति मंदिर के पीछे स्थित महात्मा गांधी चिकित्सालय (एमजीएच) परिसर की भूमि पर प्रस्तावित चाट चौपाटी केंद्र के निर्माण का विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक शास्त्री के नेतृत्व में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन देकर योजना पर पुनर्विचार करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित भूमि रियासत काल से अस्पताल परिसर के रूप में उपयोग में रही है तथा पूर्व से ही इस स्थान पर एमजीएच के विस्तार एवं पैथोलॉजी लैब की योजना प्रस्तावित है। आवेदकों का कहना है कि देवास में पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है, ऐसे में अस्पताल परिसर की भूमि का उपयोग केवल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए किया जाना चाहिए।

पंडित रितेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रस्तावित चाट चौपाटी में बनने वाली महंगी दुकानों का लाभ छोटे व्यापारियों को नहीं मिल पाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे चाट चौपाटी के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसके लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में बड़े व्यापारी और भूमाफिया दुकानों का लाभ लेकर उन्हें किराए पर देंगे, जबकि छोटे व्यापारियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि उक्त भूमि से संबंधित मामलों में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिकाओं के तहत प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के निर्देश दिए गए हैं और यह मामला प्रशासन के समक्ष विचाराधीन है। आवेदकों ने आरोप लगाया कि आपत्तियों के निराकरण से बचने तथा राजनीतिक दबाव में चाट चौपाटी विकसित करने की योजना बनाई जा रही है, जो जनहित के विपरीत और दूरदर्शिता से रहित निर्णय है।

